तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज श्रीराम बनाम पार्वती इत्यादि किस्म मुकदमा 225 आर.टी.एक्ट नं.100/2024	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07.1[illegible].2024	पत्रावली वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते मिसल तलब करने हेतु पर आज पेश हुई। अपीलांट के अधिवक्ता श्री एम.एस. राजपुरोहित उपस्थित। वकील अपीलांट ने प्रार्थना पत्र वास्ते अपील राजीनामा से विड्रो करने बाबत पेश कर निवेदन किया कि पक्षकारान् में आपसी सहमति एवं लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो चुका है। अपीलांट इस अपील को अब आगे चलाना नहीं चाहता है एवं पक्षकार भविष्य में उक्त अपील बाबत एक-दूसरे के विरूद्ध कोई वाद अथवा अपील व किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करेंगे। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावे एवं अपील जरिये विड्रोल खारिज फरमायी जावे। अपीलांट के अधिवक्ता की बहस पर मनन किया गया। प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। वकील अपीलांट के कथनानुसार हस्तगत प्रकरण में पक्षकारान् में आपसी सहमति, समझाईश एवं लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो जाने से पक्षकारान् में अब कोई विवाद नहीं रहने से अपीलांट हस्तगत अपील को आगे चलाना नहीं चाहता है। लिहाजा न्याय हित में प्रार्थना पत्र वास्ते अपील राजीनामा से विड्रो करनले बाबत स्वीकार किया जाता है तथा अपील अपीलांट जरिये विड्रो खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मय आदेश प्रति भिजवायी जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर	